# वार्ड-2 की गलियों में जलभराव, घरों में घुस रहा पानी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** लगातार बारिश के कारण जौरा नगर के वार्ड-2 में हालात खराब हो गए है। वार्ड-2 की विभिन्न गलियों में डेढ़ से दो फीट तक बारिश के पानी का जमाव हो गया है। नालियों के चौक होने के कारण बारिश का पानी अब घरों में घुसने लगा है। जिससे वार्ड के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**वार्ड पार्षद ने कहा नपा जौरा के प्रतिनिधि, अधिकारी कर रहे भेदभाव**



वार्ड-2 की महिला पार्षद श्रीमती रेणु रविन्द्र सिकरवार ने बताया कि बीते दो सालों से वार्डों में विकास कार्य न होने के कारण रहवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। श्रीमती सिकरवार ने इसके लिए नपा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों पर विकास कार्यों में भेदभाव किए जाने के आरोप लगाए है। श्रीमती सिकरवार ने बताया कि सड़कें एवं नालियों का निर्माण न होने से वार्ड में गांधी पार्क के पिछले हिस्से की गलियां कीचड़ और बारिश के पानी से लबालब है। उन्होंने कहा है कि सड़क निर्माण के टेंडर करीब दो साल पहले हो चुके है। लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। पार्षद श्रीमती सिकरवार ने टेंडर स्वीकृत होने के बाद भी कार्य चालू न करने वाले ठेकेदार की अमानत राशि को राजसात किए जाने की मांग की है।

**समस्याएं निराकृत न होने पर दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी :** वार्ड पार्षद श्रीमती रेणु रविन्द्र सिकरवार ने कहा है कि यदि वार्ड-2 की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो वार्डवासियों के साथ मिलकर नपा दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**इनका कहना है...**

निर्माण कार्यों के टेंडर स्वीकृत हो चुके है। आगामी तीन-चार दिन में वर्क ऑर्डर जारी कर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**- वीरेन्द्र सिंह रावत**
**सीएमओ, नपा जौरा**

# कैलारस के चौकी गांव में क्वारी नदी में मजदूर डूबा, रेस्क्यू जारी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 10 जुलाई।** कैलारस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी गांव में गुरूवार को एक युवक क्वारी नदी में डूब गया। उसकी तलाश में देर शाम तक रेस्क्यू अभियान जारी था।

जानकारी के अनुसार मुकेश धाकड़ 48 पुत्र देवीलाल धाकड़ निवासी खिरी भवन निर्माण में छत्त की शटरिंग डालने का काम करता है। बीते 10 दिन से मुकेश धाकड़ चौकी गांव में हवलदार सिंह सिकरवार के निर्माणाधीन मकान में शटरिंग का काम कर रहा था। बुधवार की शाम करीब 4 बजे मुकेश धाकड़, हवलदार सिंह से अपने गांव जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद मुकेश देर रात तक वापस नहीं आया। जब हवलदार सिंह ने उसकी तलाश की तो उसकी चप्पलें गांव के नजदीक बहने वाली क्वारी नदी के किनारे पड़ी मिलीं। जिससे मुकेश के नदी में डूबने का संदेह गहरा गया। हवलदार की सूचना पर मुकेश का भाई हुकुम सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत धाकड़ मौके पर पहुंच गए। तब तक सूचना पाकर पुलिस भी वहां पहुंच गई थी। पुलिस ने एसडीआरएफ के जवानों की मदद से मुकेश को ढूंढ़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। लेकिन देर शाम तक नदी से उसे बाहर नहीं निकाला जा सका था।



## एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में 35 पेटी शराब ले जा रहे 4 गिरफ्तार

**मुरैना, 10 जुलाई।** नूराबाद थाने की पुलिस ने 9 जुलाई को ट्रेक्टर-ट्रॉली में देशी शराब की 35 पेटियां लेकर जा रहे 4 तस्करों को गिरफ्तार किया। जब्त की गई शराब की कीमत 1 लाख 82 हजार 500 रूपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार नूराबाद थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तस्कर ट्रेक्टर-ट्रॉली में भरकर देशी शराब लेकर हाईवे से होकर गुजरने वाले है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सांक नदी के पुल के पास से स्वराज ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। ट्रॉली में देशी शराब की 35 पेटियां भरी हुई मिलीं। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार रिंकी जाटव, पुष्पेन्द्र गुर्जर, अरविंद गुर्जर, दिनेश शर्मा को गिरफ्तार कर शराब सहित ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### खेत में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**मुरैना।** दिमनी थाने की पुलिस ने 9 जुलाई को ग्राम कुर्री में सड़क के किनारे स्थित एक खेत से युवक का शव बरामद किया। मृतक की शिनाख्त सुनील सखवार 42 पुत्र रामरतन सखवार नि. कुर्री के रूप में हुई। सुनील की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। परिजन ने सुनील की हत्या की आशंकाएं जताईं है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ताश के पत्तों हार-जीत का दांव लगा रहे 4 गिरफ्तार

**मुरैना।** पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने 9 जुलाई को खिरी गांव में ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रहे तालिब मुसलमान नि. कट्टौली, जीते धाकड़ नि. लहचौरा, वीरेन्द्र शाक्य नि. कट्टौली, जुम्मन खान नि. कट्टौली को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नकदी 5420 रूपये और ताश की गड्डी जब्त कर जुआ एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

### मुरैना-जौरा का संयुक्त रोजगार मेला जपं मुरैना में आज लगेगा

**मुरैना।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए 11 जुलाई को अलग-अलग विकासखण्डों में निर्धारित किया गया है। यह रोजगार मेला सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक लगाए जाएंगे। जिनमें मुरैना-जौरा विकासखंड का रोजगार मेला जनपद हॉल मुरैना में 11 जुलाई को सुबह 10 से सायं 04 बजे होगा। विकासखण्ड प्रबंधक डीपी धाकड़ के मोबाइल नंबर 8349901833 और अमित राजपूत के मोबाइल नंबर 9109105969 पर संपर्क किया जा सकता है।





# गुरू वंदना करने धर्मस्थलों पर उमड़े श्रद्धालु, लिया आशीर्वाद

## मुरैना गांव में दाऊजी मंदिर, करहधाम पर लगे मेले, जौरा रोड पर 3 किमी तक लगा रहा जाम

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** गुरु-शिष्य परंपरा की प्रतीक गुरुपूर्णिमा पर्व जिलेभर में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। अंचल के करह आश्रम पर हजारों की संख्या में शिष्यगण देशभर के कोने-कोने से पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। कलेक्टर ने राजस्व व पुलिस को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के लिए असुविधा न हो। श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराएं। श्रद्धालुओं को पेयजल के अलावा पार्किंग स्थल तक पहुंचने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने स्वयं मंदिर परिसर में पहुंचकर वहां भीड़ को दर्शन कराने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, पुलिस यह सुनिश्चित करें।

**जौरा में गैपरा आश्रम में उमड़े श्रद्धालु, मंदिरों पर हुए भंडारे :** गुरुपूर्णिमा के मौके पर जौरा कस्बे में स्थित गैपरा आश्रम पर महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

कटीबरी हनुमान, बाबरी हनुमान मंदिर, नर्सरी वाले हनुमान मंदिर, हनुमान चौराहे पर स्थित शिव हनुमान मंदिर, ओम श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर भी गुरुपूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे।

**बानमोर में श्रीराम शरणम सत्संग आश्रम पर मनी गुरुपूर्णिमा :** सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक अमृतवाणी पाठ-भजन, अखंड रामनाम का जाप किया गया। आयोजक रामगोविंद शिवहरे ने बताया कि अंत में ब्रह्मलीन डॉ. विश्वामित्र महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय बानमोर में भी गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम हुए।

### पहाड़गढ़ के तीर्थस्थलों पर मनाई गई गुरुपूर्णिमा

गुरुपूर्णिमा के पावन मौके पर ईश्वरा महादेव, सिद्ध विभूषित श्यामदेव सरकार के नाम से प्रसिद्ध मंदिर, आमझिरी महादेव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने गुरु के चरणों में नमन कर प्रसादी आदि बांटी। इस दौरान भंडारों का आयोजन किया गया। वहीं गुरु महिमा गुरु पूजा की पं. उपेंद्र शास्त्री द्वारा तीर्थ स्थान पर आचार्य द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। इसी प्रकार हनुमान मंदिर पर प्रसादी बांटी गई। जरार गर्वमेंट के नाम से प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ हुआ। वहीं श्री राधाकृष्ण मंदिर पर केला की प्रसादी बांटी गई।

### पोरसा में नागाजी मंदिर सहित सिद्ध आश्रमों पर गूंजे जयकारे

पोरसा कस्बे में लोगों की आस्था के सबसे बड़े केंद्र नागाजी मंदिर पर देशभर से श्रद्धालु गुरु दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

वहीं श्रद्धालुओं के लिए भंडारों के आयोजन भी किए गए। इसी प्रकार गिर्राज जी मंदिर, पं. शंभूदयाल शास्त्री के गांधीनगर स्थित निवास, सरस्वती शिशु मंदिर बुधारा में भी गुरुपूर्णिमा मनाई गई। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विवि पोरसा के मुख्य सेवा केंद्र गांधीनगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

# तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, 8 जख्मी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** गुरूवार की सुबह एनएच-552 हाईवे पर तेज रफ्तार में दौड़ रही एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में जीप में सवार 8 लोग जख्मी हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यायालय के पास होना बताया जा रहा है।

**जौरा कस्बे में एमएस रोड पर न्यायालय के पास हुआ हादसा**



जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह करीब 10 बजे सवारियों से भरी एक बोलेरो जीप जौरा से मुरैना की ओर जा रही थी। इसी दौरान जीप जब एनएच-552 हाईवे पर जौरा न्यायालय के सामने से गुजर रही थी। तभी अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई। जिससे जीप में सवार वीरेन्द्र जाटव, प्रवीण जाटव, सपना जाटव, रंजीत जाटव, कार्तिक जाटव, ममता जाटव, विमल जाटव, श्रीपत जाटव जख्मी हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें जीप से बाहर निकालकर जौरा अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जबकि अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

# एएनएम को कार्य से रोकने पर 3 दोषियों को 1-1 वर्ष सश्रम कैद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** किल कोरोना अभियान के तहत 13 मार्च 2021 को पहाड़गढ़ क्षेत्र के बलालपुर गांव में दवा वितरण करने पहुंचीं एएनएम केतकी सिसोदिया के साथ अभद्रता करते हुए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचानें वाले तीन लोगों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जौरा ने 1-1 वर्ष सश्रम कारावास और तीन हजार रूपये जुर्माने की सजा से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी लखनलाल आर्य ने की।

**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जौरा का फैसला, 3 हजार रूपये जुर्माना ठोका**

अभियोजन के अनुसार एएनएम केतकी सिसौदिया 13 मार्च 2021 को पहाड़गढ़ बीएमओ के आदेश पर किल कोरोना अभियान के तहत अपने पति राजेन्द्र सिसौदिया के साथ दवा वितरण करने के लिए बलालपुर गांव पहुंचीं थी। एएनएम केतकी गांव के प्रायमरी स्कूल पर ग्रामीणों को दवा बांट रही थी। तभी गांव की भूरी कुशवाह, आशा कुशवाह और विशंभर कुशवाह वहां पहुंचें। उन्होंने एएनएम श्रीमती सिसौदिया को गालियां देते हुए दवा वितरण करने से मना किया, जब केतकी ने उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की।

पुलिस ने केतकी सिसौदिया की रिपोर्ट पर भूरी कुशवाह, आशा कुशवाह और विशंभर कुशवाह के विरुद्ध धारा-353 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। न्यायालय ने अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए एक-एक वर्ष सश्रम कारावास और तीन हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

**शिक्षकों की समस्याएं निपटाने कैंप आज से, 18 को फॉलोअप : मुरैना।** जिले में शिक्षकों एवं शिक्षा संवर्ग के लोकसेवकों की लंबित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए स्थानीय स्तर पर संकुलस्तरीय कैंप किए जाएंगे। यह कैंप 11 एवं 12 जुलाई को पहाड़गढ़ ब्लॉक के 06 संकुल केंद्रों पर लगेंगे। इन कैंपों का फॉलोअप कैम्प 18 जुलाई को होगा। यह निर्देश कलेक्टर ने जारी किए हैं।



# वृद्धजन-दिव्यांगों के साथ मनाया जयवर्धन का जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह का जन्मदिन गुरूवार को जिला पंचायत सदस्य अनुराग सिंह परमार अन्नू ने स्थानीय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों एवं दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया। इस मौके पर उन्होंने सेवाभाव के साथ वृद्धजन और दिव्यांगों को भोजन कराया और उनका सम्मान भी किया।

**जिपं सदस्य अन्नू परमार ने सेवाभाव के साथ मनाई वर्षगांठ**

कार्यक्रम के दूसरे चरण में जिपं सदस्य श्री परमार ने वृद्धजनों एवं दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की। जिसके बाद वृद्धजनों-दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर विधायक जयवर्धन सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके दीर्घायु होने की कामनाएं कीं। कार्यक्रम के अंत में जिपं सदस्य श्री परमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति सेवा, सम्मान और सहयोग की भावना के साथ काम करने वाला राजनैतिक दल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कैलारस में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**कैलारस, 10 जुलाई।** गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलारस में विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 वीं और 9 वीं के पात्र छात्र-छात्राओं को सांकेतिक रूप से साइकिल वितरित की गई।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना ब्रजेश बंसल मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया ने की। विशेष अतिथियों में भाजपा नेता ब्रजेश बंसल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयवीर सिंह जादौन, खंड स्त्रोत समन्वयक, डॉ. धर्मेंद्र धाकड़, उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, नरेंद्र सिंह नरवरिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रीति शर्मा, बीएसी एफडी खान, बीएसी हितेंद्र भदौरिया, सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश गुप्ता, अशोक माहौर एवं मुकेश रजक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय और कन्या विद्यालय के समस्त स्टाफ व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और विद्यालय तक उनकी सुगम पहुंच सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं ने साइकिल वितरण के लिए शासन और विद्यालय प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर आयोजित

**मुरैना, 10 जुलाई।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महामाया पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक शर्मा व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीता कुशवाह ने 75 गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार तथा परामर्श दिया। जिसमें से 08 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच निगरानी में जांच उपचार किया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, हीमोग्लोबिन, शुगर, वजन, लंबाई, अल्ट्रासाउंड की जांच, एएनसी चेकअप किया गया। डॉ. शर्मा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महामाया का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए।

# 60 लाख की लागत से पीएम आवास कॉलोनी में होगी विद्युत व्यवस्था : बंसल

**नवभारत न्यूज**
**कैलारस, 10 जुलाई।** गुरुवार को नगर परिषद कैलारस का साधारण सम्मेलन दोपहर 12 बजे नगर परिषद भवन आयोजित हुआ। बैठक की शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई। लगभग दो घंटे चली बैठक में तीन पार्षद अनुपस्थित रहे। परिषद अध्यक्ष अंजना ब्रजेश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की गई और बहुमत से सभी बिंदुओं को पारित किया गया।

**नगर परिषद कैलारस का साधारण सम्मेलन संपन्न, बहुमत से सभी प्रस्ताव पारित**

बैठक में अंजना बंसल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विकसित कॉलोनी में ?60 लाख की लागत से विद्युत व्यवस्था की जाएगी। इसके अंतर्गत ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल और विद्युत कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओ पर भी चर्चा की गई जिसमें ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे निर्मित 45 दुकानों की ऑनलाइन नीलामी में प्राप्त बोली की दरों पर विचार किया गया।



नगर परिषद द्वारा पंजीकृत मिनी शॉप (गुमठी) की बिक्री हेतु प्राप्त दरों पर भी विचार हुआ। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पार्क, ट्रेंचिंग ग्राउंड सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर विद्युत संरचनाएं स्थापित करने का निर्णय लिया गया। वार्ड क्रमांक 04 स्थित भूमि पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉम्पलेक्स निर्माण के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कुल 16 बिन्दुओ पर विचार हुआ। जिनमें अधिकांश नामांतरण के बिन्दु थे, सभी को सर्व सम्मति से पारित किया है।

बैठक में सीएमओ अशोक बाल्मीक, नगर परिषद अध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल, उपाध्यक्ष सीमा अशोक राणावत, कल्लू कुशवाह, अनीता संजय शाक्य, वीरेंद्र सोलंकी, अनीता राजू गुप्ता, दरोगा खान, सीमा रविंद्र राठौर, विनीता विनोद पलिया, धारा सोनी शम्मा कुरेंशी उपस्थित रहे बहुमत के आधार पर सभी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। नगर परिषद कैलारस की यह बैठक आगामी विकास कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।